Muhlenberg College

स्थापना: 1848

कैलेंडर: सिमेस्टर

प्रकार: प्राइवेट, सह-शिक्षा, आवासीय

संबद्धता: लूथेरियन

नामांकन: 2,200

पुरुष: 40% महिलाएं: 60%

छात्र-फैकल्टी अनुपात: 11/1

औसत कक्षा आकार: 19

प्रस्तावना

मुहलनबर्ग कॉलेज का लक्ष्य ऐसे स्वतंत्र आलोचनात्मक विचारक तैयार करना है जो बौद्धिक रूप से चुस्त हों, तर्कपूर्ण और सभ्य बहस के लिए उत्साह से जिनकी विशेषता हो, जिन्हें विविध सभ्यताओं और संस्कृतियों की उपलब्धियों और परंपराओं का ज्ञान हो, जो स्पष्टता और सुंदर तरीके से विचारों को व्यक्त करने में सक्षम हों, आजीवन सीखने के लिए प्रतिबद्ध हों, नैतिक और नागरिक मूल्यों से सुसज्जित हों, तथा नेतृत्व एवं सेवा का जीवन जीने के लिए तैयार हों।

शैक्षणिक कार्यक्रम

कॉलेज द्वारा दो डिग्री कार्यक्रम प्रदान किए जाते हैं, कला स्नातक एवं विज्ञान स्नातक। दोनों कार्यक्रमों में लिब्रल आर्ट्स में विस्तृत अध्ययन के साथ-साथ विशेष मुख्य शैक्षणिक विषय (अकैडमिक मेजर) के गहन अध्ययन पर जोर दिया जाता है। बहुत से छात्र दो मुख्य विषय (डबल मेजर) अथवा मुख्य/अप्रधान विषय (मेजर/माइनर) लेते हैं।

मुख्य विषय (मेजर)

कला स्नातक

- अकाउंटिंग
- अमेरिकन स्टडीज
- मानव-शास्त्र
- कला
  - कला इतिहास
  - स्टूडियो आर्ट्स
- बिजनेस
  - कला प्रबंधन
  - प्रबंधन और संगठन
  - उद्यमिता अध्ययन
  - प्रबंधकीय वित्त
  - प्रबंधन विज्ञान एवं सूचना प्रणालियां
  - मानव संसाधन प्रशासन
  - मार्केटिंग (विपणन)
  - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
- संचार और मीडिया
- नृत्य
- अर्थशास्त्र
  - वित्त
  - अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र
  - सार्वजनिक नीति
- अंग्रेज़ी
  - लेखन एकाग्रता
- फिल्म अध्ययन
- वित्त
- फ्रेन्च
- इतिहास
- अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन
- यहूदी अध्ययन
- संगीत
  - कार्यनिष्पादन
  - संगीत सिद्धांत
  - संगीत इतिहास
- दर्शनशास्त्र
- दर्शनशास्त्र/राजनैतिक विचार-प्रक्रिया
- राजनैतिक अर्थशास्त्र एवं सार्वजनिक नीति
- राजनीतिशास्त्र
- मनोविज्ञान
- जन स्वास्थ्य
- धार्मिक अध्ययन
- रसियन स्टडीज
- समाजशास्त्र
- स्पैनिश
- थिएटर आर्ट्स
  - अभिनय
  - डिजाइन
  - निर्देशन
  - कार्यनिष्पादन अध्ययन
  - स्टेज प्रबंधन

विज्ञान स्नातक

- जैवरसायन
- जीवविज्ञान
- रसायन विज्ञान
- कम्प्यूटर साइंस
- पर्यावरण विज्ञान
- अंकगणित
- प्राकृतिक विज्ञान
- तंत्रिका विज्ञान
- भौतिक विज्ञान
- भौतिकी

प्री-प्रफेशनल कार्यक्रम

- प्री-मेडिसिन
- प्री-लॉ
- प्री-मिनिस्ट्री

प्रमाणन कार्यक्रम

- प्री K-4 प्रमाणन
- 4-8 प्रमाणन
- सेकेंडरी (7-12) प्रमाणन

अप्रधान विषय (माइनर)

अधिकांश कार्यक्रम जो मुख्य विषयों (मेजर) के रूप में प्रदान किए जाते हैं, अप्रधान विषयों (माइनर) के रूप में भी उपलब्ध होते हैं। अफ्रीकाना स्टडीज, एशियन स्टडीज, रचनात्मक लेखन, जर्मन स्टडीज, नवाचार और उद्यमिता अध्ययन, लैटिन अमेरिकन में माइनर एवं कैरीबियन स्टडीज, सस्टेनेबिलिटी स्टडीज तथा महिला एवं लैंगिक अध्ययन में भी माइनर प्रदान किए जाते हैं।

अध्ययन के विकल्प

लीहाई वैली एसोसिएशन ऑफ इंडिपेंडेंट कॉलेजेस, निम्नलिखित संस्थाओं में नामांकित छात्रों को सहकारी सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रॉस-रजिस्ट्रेशन, और पुस्तकालय संसाधन साझा करने की सुविधा प्रदान करता है: मुहलनबर्ग कॉलेज, डी सेल्स यूनिवर्सिटी, लाफियट कॉलेज, लीहाई यूनिवर्सिटी, मोरेवियन कॉलेज, तथा सेडार क्रेस्ट कॉलेज।

अन्य अवसर:

- इटली थिएटर सिमेस्टर
- लंदन थिएटर सिमेस्टर
- सेल्फ-डिजाइन्ड मेजर
- इंटर्नशिप
- आयरलैंड कम्युनिकेशंस सिमेस्टर
- नीदरलैंड्स बिजनेस सिमेस्टर
- स्वतंत्र अध्ययन/अनुसंधान
- वाशिंगटन, डी.सी. सिमेस्टर

दुनिया भर में 160 स्कूलों के साथ समझौतों के जरिए स्टडी अब्रॉड

3/4 पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के साथ ऐक्सिलेरेटेड डेन्टल प्रोग्राम

टेंपल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसन के साथ अर्ली अशुरेंस प्रोग्राम

3/3 थॉमस जेफर्सन यूनिवर्सिटी के साथ ड्यूअल-एडमिशन फिजिकल थेरपी प्रोग्राम

3/2 थॉमस जेफर्सन यूनिवर्सिटी के साथ ड्यूअल-एडमिशन आक्युपेशनल थेरपी प्रोग्राम

3-2/4-2 कोलंबिया यूनिवर्सिटी के साथ इंजीनियरिंग में संयुक्त प्रोग्राम

3-2/4-2 ड्यूक यूनिवर्सिटी के साथ वानिकी में संयुक्त प्रोग्राम

3/4 सनी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमीट्री के साथ ड्यूअल-एडमिशन ऑप्टोमीट्री प्रोग्राम

फैकल्टी

मुहलनबर्ग कॉलेज की फैकल्टी शिक्षण तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के उच्च मानकों के प्रति अपनी वचनबद्धता के लिए विख्यात है। सभी कक्षाएं पूर्णकालीन अथवा अंशकालीन फैकल्टी सदस्यों द्वारा पढ़ाई जाती हैं; यहां कोई अध्यापन सहायक नहीं हैं।

अधिकांश पूर्णकालीन फैकल्टी के पास डॉक्टरेट या अन्य सर्वोच्च डिग्री है। पूर्णकालीन फैकल्टी: 177 अंशकालीन फैकल्टी: 125

छात्र

मुहलनबर्ग के छात्र मुख्य तौर पर मध्य अटलांटिक और न्यू इंग्लैंड राज्यों से लिए जाते हैं, हालांकि छात्रों की संख्या में लगभग 30 राज्यों और एक दर्जन अन्य देशों के छात्रों का प्रतिनिधित्व होता है। छात्र अनेक प्रकार की शैक्षणिक और पाठ्येतर रुचियों का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। कॉलेज उन छात्रों का चयन करता है जो शैक्षिक उपलब्धियों, उद्देश्य की गंभीरता तथा कॉलेज समुदाय में रचनात्मक योगदान का सशक्त प्रमाण देते हैं।

फ्रेशमैन कक्षा आंकड़े (जुलाई, 2016 की स्थिति अनुसार) शैक्षिक अभिरुचि

परीक्षा

नामांकित फ्रेशमैन के मध्यम 50% ने **क्रिटिकल रीडिंग SAT** पर लगभग **560 और 660** के बीच, **मैथ SAT** पर लगभग **560 और 670** के बीच, तथा **राइटिंग SAT** पर लगभग **560 और 660** के बीच औसत स्कोर किया।

कक्षा में रैंक

प्रथम दसवां	36%
द्वितीय दसवां	24%
तृतीय दसवां	18%
चतुर्थ दसवां	10%
पंचम दसवां	5%

सेकेंडरी स्कूल की तैयारी

पब्लिक: 66% प्राइवेट/परोकीयल: 34%

Muhlenberg College

छात्र जीवन और पाठ्येतर गतिविधियां

मुहलनबर्ग इस प्रकार का वातावरण पोषित करता है जो छात्रों को

पर्याप्त सामाजिक, शैक्षणिक, और व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्रदान करता है। मुहलनबर्ग के छात्र अनेक प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनैतिक, लीडरशिप, और सेवा संगठनों एवं कार्यकलापों में हिस्सा लेते हैं। ऐथलेटिक कार्यकलापों में एक जोरदार आंतरिक प्रोग्राम तथा 22 विश्वविद्यालय स्तर के इंटर-कॉलेज खेल हैं, जो नीचे दिए गए हैं। मुहलनबर्ग, सेन्टेनीयल कॉन्फ्रेंस में NCAA डिवीजन III लेवल में प्रतिस्पर्धा करता है। क्लब स्पोर्ट्स में महिला रग्बी और पुरुषों की आइस हॉकी शामिल हैं।

पुरुषों के विश्विद्यालय खेल

फुटबॉल	बास्केटबॉल	लैक्रोस	टेनिस
सॉकर	कुश्ती	इंडोर ट्रैक	गॉल्फ
क्रॉस कन्ट्री	बेसबॉल	आउटडोर ट्रैक	

महिलाओं के विश्विद्यालय खेल

फील्ड हॉकी	वॉलीबॉल	लैक्रोस	टेनिस
सॉकर	बास्केटबॉल	इंडोर ट्रैक	गॉल्फ
क्रॉस कन्ट्री	सॉफ्ट बॉल	आउटडोर ट्रैक	

शैक्षणिक सत्यनिष्ठा संहिता

मुहलबर्ग कॉलेज शैक्षणिक ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को अत्यधिक महत्व देता है। अतः मुहलनबर्ग के छात्र इन उच्च मानकों को बनाए रखने की जिम्मेदारी को साझा करते हैं और उनके लिए यह अनिवार्य है कि वे शैक्षणिक सत्यनिष्ठा संहिता का पालन करने का वचन दें। यह संहिता, जिसमें कॉलेज के शैक्षणिक जीवन के सभी क्षेत्र और कार्यकलाप समाहित हैं, व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारीपूर्ण व्यवहार का प्रतीक है जिसकी आशा मुहलनबर्ग अपने प्रत्येक छात्र से करता है।

मानद सोसायटियां

मुहलनबर्ग कॉलेज संयुक्त राज्य अमेरिका के 286 अग्रणी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में से एक है जिन्हें देश की सबसे पुरानी और सर्वाधिक व्यापक तौर पर जानी जाने वाली शैक्षणिक सम्मान सोसायटी, फाई बीटा कैपा (Phi Beta Kappa) के एक अध्याय का अनुरक्षण करने का प्राधिकार हासिल है। मुहलनबर्ग में बारह अन्य राष्ट्रीय मानद सोसायटियां भी स्थित हैं।

शैक्षणिक सहायता सेवाएं

अकैडमिक सपोर्ट सेंटर, जो सभी छात्रों के लिए खुला है, अध्ययन कौशलों से लेकर परीक्षा संबंधी चिंता तक, छात्र की शैक्षणिक जीवनशैली के सभी क्षेत्रों पर लक्षित है। यह केंद्र "सीखने के लिए शिक्षा" कौशल पोषित करता है, सभी विषय-क्षेत्रों में निशुल्क ट्यूटरिंग प्रदान करता है, और व्यक्तिगत शैक्षणिक सहायता प्रदान करता है जिसमें शिक्षा प्राप्त कर रहे विकलांग छात्रों के लिए विशेष सहायता से लेकर परीक्षा देना, समय प्रबंधन और पाठ्यपुस्तक पठन जैसे विषयों पर सेमिनार तक शामिल हैं।

पुस्तकालय संसाधन

मुहलनबर्ग के ट्रेक्सलर लाइब्रेरी संसाधनों में 310,000 से अधिक पुस्तकें तथा 29,000 प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नल के साथ-साथ आधुनिकतम इलेक्ट्रोनिक कनेक्टिविटी शामिल हैं। एक इंटर-लाइब्रेरी उधार कार्यक्रम कैंपस में रोजाना डिलीवरी के साथ मुहलनबर्ग के छात्रों को 1.75 मिलियन से अधिक पुस्तकें उपलब्ध कराता है।

आवासीय जीवन

मुहलनबर्ग के लगभग 95% पूर्णकालीन छात्र कॉलेज के आवास में रहते हैं। जो छात्र फ्रेशमेन के तौर पर आते हैं उन्हें मुहलनबर्ग में उनके पूरे चार साल तक आवास उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई चुना जाता है:

1 एकलिंगीय निवास हॉल	9 अपार्टमेंट बिल्डिंग्स
5 सहशिक्षा आवास हॉल	3 फ्रटर्निटी हाउस
	4 सोरोनिटी हाउस
माइल हाउस	विशेष रुचि हाउस

रोके रखने/ग्रैजुएशन की दरें

मुहलनबर्ग में रोके रखने/ग्रैजुएशन की दरें बहुत ऊंची हैं।

2014 की शरत ऋतु में प्रवेश करने वाली कक्षा के लिए फ्रेशमैन-से-द्वितीय वर्ष तक की रोके रखने की दर 93.2% थी। विगत तीन ग्रैजुएट करने वाली कक्षाओं के लिए 4-वर्षीय ग्रैजुएशन दर का औसत 80.7% रहा है।

करीअर की योजना बनाना और प्लेसमेंट

करीअर सेंटर अनेक प्रकार की सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें करीअर परामर्श, नौकरी खोज रणनीतियां, नौकरी रेफरल सेवाएं, ऑनलाइन भर्ती, तथा बिजनेस, उद्योग और सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा कैंपस में भर्ती शामिल हैं।

नीचे दिए गए आंकड़े ग्रैजुएशन के बाद एक साल के भीतर ग्रैजुएट करने वाली कक्षा के प्लेसमेंट का एक सामान्य ब्योरा प्रस्तुत करते हैं:

प्रफेशनल स्कूल	10-20%
ग्रैजुएट स्कूल	15-20%
पूर्ण रोजगार	55-65%
विविध	5-10% (यात्रा, सैन्य सेवा, अस्थाई रोजगार, अज्ञात स्थिति)

ऑफिस ऑफ ऐडमिशन के माध्यम से करीअर प्लेसमेंट के संबंध में अधिक विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।

प्रवेश

मुहलनबर्ग कॉलेज उन 600 से अधिक चुनिंदा कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में से एक है जो कॉमन ऐप्लीकेशन (साझा आवेदन) के सदस्य हैं। जो छात्र प्रवेश लेने हेतु विचार किए जाने के इच्छुक हैं उनके लिए जरूरी है कि वे एक पूरा किया हुआ कॉमन ऐप्लीकेशन फॉर्म जमा कराएं, जिसमें व्यक्तिगत वर्णन भी दिया गया हो। आवेदक को अनुरोध करना चाहिए कि उसका हाई स्कूल एक आधिकारिक प्रतिलेख, परामर्शदाता की सिफारिश, और एक शिक्षक का संदर्भ प्रस्तुत करे। *साक्षात्कार की जोरदार सिफारिश की जाती है।*

आवेदन करने की अंतिम तिथियां:

शुरुआती निर्णय - 15 फरवरी

नियमित निर्णय - 15 फरवरी

ई.डी. सूचना - 1 दिसंबर-25 फरवरी

नियमित सूचना - 15 मार्च-1 अप्रैल

उम्मीदवार के उत्तर की तारीख - 1 मई

वित्तीय सहायता

मुहलनबर्ग कॉलेज का यह प्रयास रहता है कि इसके शैक्षिक अवसरों को सभी योग्यता प्राप्त छात्रों के लिए उपलब्ध कराया जाए चाहे उनकी वित्तीय परिस्थितियां कैसी भी हों। हालांकि मुहलनबर्ग की वित्तीय सहायता "आवश्यकता के आधार पर" उपलब्ध रहती है जैसा कि CSS वित्तीय सहायता प्रोफाइल तथा फ्री फेडरल फॉर्म (FAFSA) द्वारा निर्धारित किया जाता है, लेकिन कॉलेज द्वारा प्रतिवर्ष अनेक प्रतिभा छात्रवृत्तियां भी दी जाती हैं (जिनका मूल्य $1,000 से $40,000 प्रतिवर्ष होता है)। सामान्यतः, मुहलनबर्ग के 80% से अधिक छात्र प्रतिभा अथवा आवश्यकता-आधारित वित्तीय सहायता के लिए योग्य पाए जाते हैं और इन्हें प्राप्त करते हैं।

2016-2017 शुल्क

ट्यूशन और शुल्क	$48,310
कमरा और भोजन	$10,970
	$59,280

मुहलनबर्ग कॉलेज किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध उम्र, रंग, अक्षमता, लिंग, लिंग पहचान, राष्ट्रीय या जातीय मूल, नस्ल, धर्म, यौन अभिविन्यास, वरिष्ठता का दर्जा, अथवा किसी भी अन्य ऐसे आधार पर भेदभाव नहीं करता है जो लागू संघीय, राज्य या स्थानीय कानूनों द्वारा संरक्षित हो। भेदभाव संबंधी समस्त चिंताएं और प्रश्न ऑफिस ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेज से (484) 664-3166 (हास कॉलेज सैंटर) से पूछे जाने चाहिए।